www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**03/FH/CC/M–2023–13**

**Booklet Series**

**A**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Serial No.** **100165**

# Question Booklet

# GEOGRAPHY

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—(A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. The average thickness of earth's crust is

(A) 10 km

(B) 15 km

(C) 33 km

(D) 55 km

2. What does Tectonics mean?

(A) To build

(B) Movement of crust

(C) Subduction

(D) Transform boundary

3. Who among the following coined "landforms are the function of structure, process and stage"?

(A) A. Holmes

(B) W. M. Davis

(C) W. Penck

(D) Wooldridge

4. Inselberg is found in which of the following areas?

(A) Glacial region

(B) Karst region

(C) Arid region

(D) None of the above

5. Which of the following is an agent of erosion?

(A) River

(B) Volcano

(C) Earthquake

(D) Cyclone

6. Which of the following layers is a region of mixing?

(A) Ionosphere

(B) Stratosphere

(C) Troposphere

(D) Ozonosphere

7. Air of almost homogeneous character covering a considerable area of earth's surface is known as

(A) air front

(B) air mass

(C) warm air

(D) frontogenesis

8. Which of the following terms is synonymous to wave cyclone?

(A) Extratropical cyclone

(B) Temperate cyclone

(C) Temperate depression

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**1.** भूपटल की औसत मोटाई है

(A) 10 कि० मी०

(B) 15 कि० मी०

(C) 33 कि० मी०

(D) 55 कि० मी०

**2.** विवर्तनिकी (टेक्टॉनिक्स) का अभिप्राय क्या है?

(A) निर्माण करना

(B) भूपर्पटी की गतिशीलता

(C) सबडक्शन

(D) रूपान्तर सीमा

**3.** ''दृश्यभूमि संरचना, प्रक्रिया तथा अवस्था का प्रतिफल है''—इनमें से किसने इस वाक्यांश का प्रयोग किया?

(A) ए० होम्स

(B) डब्ल्यू० एम० डेविस

(C) डब्ल्यू० पेंक

(D) वूल्ड्रिज

**4.** इन्सेलबर्ग निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में पाया जाता है?

(A) हिमनदीय प्रदेश

(B) चूनापत्थर प्रदेश

(C) शुष्क प्रदेश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा अपरदन का कारक है?

(A) नदी

(B) ज्वालामुखी

(C) भूकम्प

(D) चक्रवात

**6.** निम्नलिखित परतों में से कौन-सा मिश्रण का क्षेत्र है?

(A) आयनमंडल

(B) समतापमंडल

(C) क्षोभमंडल

(D) ओज़ोनमंडल

**7.** पृथ्वी की सतह पर विस्तृत क्षेत्र में फैली हुई लगभग समान गुण वाली वायु कहलाती है

(A) वाताग्र

(B) वायु राशि

(C) उष्ण वायु

(D) वाताग्र उत्पत्ति

**8.** निम्नलिखित शब्दावलियों में से कौन-सा तरंग चक्रवात का पर्याय है?

(A) बाह्य उष्णकटिबंधीय चक्रवात

(B) शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात

(C) शीतोष्ण कटिबंधीय गर्त

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** Who among the following used potential evapotranspiration in the classification of climate?

(A) Köppen

(B) Trewartha

(C) Thornthwaite

(D) Miller

**10.** Which of the following processes is associated with the mechanism of hydrological cycle?

(A) Evaporation

(B) Precipitation

(C) Infiltration

(D) All of the above

**11.** Which of the following is the correct sequence of ocean bottom according to depth?

(i) Continental shelf

(ii) Continental slope

(iii) Deep sea plain

(iv) Oceanic trench

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, iii, iv, i

(C) iii, iv, i, ii

(D) iv, i, ii, iii

**12.** In which of the following oceanic ridges is the Amsterdam-St. Paul ridge located?

(A) Pacific oceanic ridge

(B) Indian oceanic ridge

(C) Atlantic oceanic ridge

(D) Arctic oceanic ridge

**13.** By which of the following instruments is the salinity of sea-water measured?

(A) Thermometer

(B) Lactometer

(C) Salinometer

(D) Rain gauge

**14.** Which of the following factors is responsible for the origin of ocean currents?

(A) Prevailing winds

(B) Variation in temperature and salinity of seawater

(C) Evaporation of seawater

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** इनमें से किसने जलवायु के वर्गीकरण में सम्भाव्य वाष्पोत्सर्जन का प्रयोग किया था?

(A) कोपेन

(B) ट्रिवार्था

(C) थॉर्नथ्वेट

(D) मिलर

**10.** निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से कौन-सी जलचक्र-कार्यविधि से संबंधित है?

(A) वाष्पीकरण

(B) वर्षण

(C) अंतःस्पन्दन

(D) उपर्युक्त सभी

**11.** समुद्र की गहराई के अनुसार दिए गए समुद्र-तल का सही क्रम कौन-सा है?

(i) महाद्वीपीय मग्नतट

(ii) महाद्वीपीय मग्नढाल

(iii) गहरा सागरीय मैदान

(iv) महासागरीय गर्त

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, iii, iv, i

(C) iii, iv, i, ii

(D) iv, i, ii, iii

**12.** निम्नलिखित महासागरीय कटकों में से किसमें एम्स्टर्डम-सेंट पॉल कटक स्थित है?

(A) प्रशांत महासागरीय कटक

(B) हिन्द महासागरीय कटक

(C) अटलांटिक महासागरीय कटक

(D) आर्कटिक महासागरीय कटक

**13.** निम्नलिखित यंत्रों में से किसके द्वारा सागर-जल की लवणता का मापन किया जाता है?

(A) तापमापी

(B) दुग्धमापी

(C) लवणतामापी

(D) वर्षामापी

**14.** निम्नलिखित कारकों में से कौन-सा महासागरीय जलधाराओं की उत्पत्ति के लिए उत्तरदायी है?

(A) प्रचलित पवनें

(B) सागरीय जल के तापमान एवं लवणता में भिन्नता

(C) सागरीय जल का वाष्पीकरण

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Which of the following deposits contain oozes?

(A) Bathyal deposits

(B) Abyssal deposits

(C) Littoral deposits

(D) Shallow water deposits

**16.** Which of the following is related to pedogenic process?

(A) Parent materials

(B) Minerals

(C) Soil enrichment

(D) Soil water

**17.** Which of the following soils is an Azonal soil?

(A) Tundra soil

(B) Laterite soil

(C) Desert soil

(D) Alluvial soil

**18.** Which of the following is the excessive plant community of Savanna biome?

(A) Trees

(B) Elephant grasses

(C) Creepers

(D) None of the above

**19.** The Savanna biome is found in both sides of equator

(A) between 10°–20°

(B) between 5°–10°

(C) between 30°–40°

(D) above 40°

**20.** Which of the following activities is the cause of ecological imbalance in the areas of monsoonal biome?

(A) Shifting cultivation

(B) Felling of trees

(C) Poaching

(D) All of the above

**21.** Who among the following used the term 'ecosystem'?

(A) A. G. Tansley

(B) R. L. Lindeman

(C) E. P. Odum

(D) F. R. Fosberg

**22.** Which of the following is a primary consumer?

(A) Bear

(B) Deer

(C) Cat

(D) Lion

www.prepp.in

15. निम्नलिखित निक्षेपों में से किसमें पंक (ऊज) होता है?

(A) गहरा प्रदेशीय निक्षेप

(B) वितलीय निक्षेप

(C) तटवर्ती जल के निक्षेप

(D) उथले जल के निक्षेप

16. निम्नलिखित में से कौन-सा मृदाजनक प्रक्रिया से संबंधित है?

(A) मूल पदार्थ

(B) खनिज

(C) मृदा संवृद्धि

(D) मृदा जल

17. निम्नलिखित में से कौन-सी अमण्डलीय मृदा है?

(A) टुण्ड्रा मृदा

(B) लेटेराइट मृदा

(C) मरुस्थलीय मृदा

(D) जलोढ मृदा

18. निम्नलिखित में से कौन-सा सवाना जीवोम का बहुतायत पादप समुदाय है?

(A) वृक्ष

(B) हाथी घास

(C) लताएँ

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. सवाना जीवोम भूमध्यरेखा के दोनों ओर पाया जाता है

(A) 10°–20° के मध्य

(B) 5°–10° के मध्य

(C) 30°–40° के मध्य

(D) 40° से अधिक

20. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप मानसून जीवोम के क्षेत्रों में पारिस्थितिक असंतुलन का कारण है?

(A) स्थानान्तरणी कृषि

(B) वृक्षों की कटाई

(C) अवैध शिकार

(D) उपर्युक्त सभी

21. इनमें से किसने 'पारिस्थितिकी तंत्र' शब्दावली का प्रयोग किया?

(A) ए० जी० टान्सले

(B) आर० एल० लिंडमैन

(C) ई० पी० ओडम

(D) एफ० आर० फॉसबर्ग

22. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्राथमिक उपभोक्ता है?

(A) भालू

(B) हिरण

(C) बिल्ली

(D) शेर

www.prepp.in

**23.** Which of the following is a nutrient?

(A) Oxygen

(B) Calcium

(C) Iron

(D) All of the above

**24.** Which of the following human activities is the cause of environmental degradation?

(A) Deforestation

(B) Excessive use of fertilizers and pesticides

(C) Industrial wastes

(D) All of the above

**25.** Which of the following is responsible for global ecological imbalance?

(A) Air pollution

(B) Groundwater pollution

(C) Growth of population

(D) All of the above

**26.** Who among the following persons measured the circumference of earth?

(A) Eratosthenes

(B) Ptolemy

(C) Strabo

(D) Hippocrates

**27.** Who among the following geographers exercised for land use survey of Great Britain?

(A) A. J. Herbertson

(B) L. D. Stamp

(C) H. J. Mackinder

(D) Patrick Geddes

**28.** Who among the following geographers is the author of *Influences of Geographic Environment*?

(A) Herbert Spencer

(B) Friedrich Ratzel

(C) Carl Ritter

(D) E. C. Semple

**29.** The application of statistical methodology to geographical research is

(A) quantitative revolution in geography

(B) systematic approach

(C) regional approach

(D) dualism

**30.** The idea of selective human response to opportunities given by nature is

(A) opportunism

(B) determinism

(C) possibilism

(D) neo-determinism

www.prepp.in

100165

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पोषक तत्त्व है?

(A) ऑक्सीजन

(B) चूना

(C) लोहा

(D) उपर्युक्त सभी

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा मानवीय क्रियाकलाप पर्यावरणीय अवनयन का कारण है?

(A) वनोन्मूलन

(B) उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग

(C) औद्योगिक अपशिष्ट

(D) उपर्युक्त सभी

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्विक पारिस्थितिक के असंतुलन के लिए उत्तरदायी है?

(A) वायु प्रदूषण

(B) भूमिगत जल प्रदूषण

(C) जनसंख्या की वृद्धि

(D) उपर्युक्त सभी

**26.** इन व्यक्तियों में से किसने पृथ्वी की परिधि को नापा था?

(A) इरेटोस्थनीज

(B) टॉलमी

(C) स्ट्रैबो

(D) हिप्पोक्रेट्स

**27.** इन भूगोलविदों में से किसने ग्रेट ब्रिटेन की भूमि उपयोग सर्वेक्षण के लिए कार्य किया था?

(A) ए० जे० हर्बर्टसन

(B) एल० डी० स्टैम्प

(C) एच० जे० मैकिन्डर

(D) पैट्रिक गेडेस

**28.** इन भूगोलवेत्ताओं में से कौन *भौगोलिक वातावरण के प्रभाव* का लेखक है?

(A) हर्बर्ट स्पेन्सर

(B) फ्रेडरिक रेटजेल

(C) कार्ल रिटर

(D) ई० सी० सेम्पल

**29.** भौगोलिक शोध में सांख्यिकीय विधितंत्र का अनुप्रयोग है

(A) भूगोल में मात्रात्मक क्रांति

(B) क्रमबद्ध उपागम

(C) प्रादेशिक उपागम

(D) द्वैतवाद

**30.** 'प्रकृति द्वारा प्रदत्त चयनित अवसरों के प्रति मानव का प्रत्युत्तर' का विचार है

(A) अवसरवाद

(B) निश्चयवाद

(C) संभववाद

(D) नव-निश्चयवाद

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**31.** Human races are determined by

(A) community

(B) somatic traits and heredity

(C) cultural class

(D) social class

**32.** The cause of evolution of human race is

(A) climate change

(B) hormonal change

(C) social mixing by migration

(D) All of the above

**33.** In January 2023, the growth of world population has been estimated at which of the following rates (%)?

(A) 1·24

(B) 1·06

(C) 0·94

(D) 1·11

**34.** How many stages are there in demographic transition?

(A) 2

(B) 3

(C) 1

(D) 4

**35.** Which of the following is world population (billion persons) in January 2023?

(A) 6·75

(B) 8·06

(C) 7·25

(D) 7·50

**36.** Which of the following occupations is mainly performed in rural settlements?

(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) None of the above

**37.** The process by which rural communities grow to form cities is

(A) modernization

(B) industrialization

(C) urbanization

(D) popularization

**38.** Which of the following patterns is also used for linear pattern of rural settlements?

(A) Rectangular pattern

(B) Star pattern

(C) Triangular pattern

(D) Ribbon pattern

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**31.** मानव प्रजाति निर्धारित होती है

(A) समुदाय के द्वारा

(B) शारीरिक बनावट के लक्षण एवं वंशानुक्रम के द्वारा

(C) सांस्कृतिक वर्ग के द्वारा

(D) सामाजिक वर्ग के द्वारा

**32.** मानव प्रजाति के विकास का कारण है

(A) जलवायु परिवर्तन

(B) ग्रंथिरस परिवर्तन

(C) प्रवास द्वारा सामाजिक मिश्रण

(D) उपर्युक्त सभी

**33.** जनवरी 2023 में, विश्व की जनसंख्या की वृद्धि निम्नलिखित में से किस अनुमानित दर (%) से रही है?

(A) 1·24

(B) 1·06

(C) 0·94

(D) 1·11

**34.** जनसांख्यिकी संक्रमण की कितनी अवस्था/अवस्थाएँ होती है/हैं?

(A) 2

(B) 3

(C) 1

(D) 4

**35.** निम्नलिखित में से जनवरी 2023 में विश्व की जनसंख्या (अरब व्यक्ति) कितनी है?

(A) 6·75

(B) 8·06

(C) 7·25

(D) 7·50

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवसाय ग्रामीण अधिवासों में मुख्यतः सम्पन्न होता है?

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** वह प्रक्रिया जिससे ग्रामीण समुदाय की वृद्धि से नगर बनते हैं, है

(A) आधुनिकीकरण

(B) उद्योगीकरण

(C) नगरीकरण

(D) लोकप्रियकरण

**38.** निम्नलिखित प्रतिरूपों में से किसे रेखीय प्रतिरूप के ग्रामीण अधिवास के लिए भी उपयोग किया जाता है?

(A) आयताकार प्रतिरूप

(B) तारा प्रतिरूप

(C) त्रिभुजाकार प्रतिरूप

(D) फीता प्रतिरूप

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**39.** Which of the following terms is used for the 'rural land with urban phenomenon'?

(A) Rural-urban fringe

(B) Umland

(C) Urban field

(D) Hinterland

**40.** Who among the following propounded 'sector theory' for the internal structure of cities?

(A) Homer Hoyt

(B) E. W. Burgess

(C) C. D. Harris

(D) Edward Ullman

**41.** Who among the following geographers put the idea of Heart land?

(A) Herbertson

(B) Halford Mackinder

(C) Dudley Stamp

(D) Francis Galton

**42.** An imaginary line separating one political unit from another unit is a

(A) frontier

(B) region

(C) boundary

(D) buffer zone

**43.** A group of people with a common language, history, culture, and geographic territory is a

(A) Rimland

(B) Frontier

(C) State

(D) Nation

**44.** A system of government in which power is divided between central authority and various constituent units of the country is which of the following?

(A) Monarchy

(B) Federalism

(C) Dictatorship

(D) Communalism

**45.** Who is the propounder of Rimland theory?

(A) Mackinder

(B) Nicholas J. Spykman

(C) Friedrich Ratzel

(D) W. M. Davis

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** निम्नलिखित शब्दावलियों में से किसे 'नगरीय तत्त्वों सहित ग्रामीण भूमि' के लिए उपयोग किया जाता है?

(A) ग्रामीण–नगरीय सीमान्त

(B) परिनगर

(C) नगरीय क्षेत्र

(D) पृष्ठप्रदेश

**40.** इनमें से किसने नगरों की आन्तरिक संरचना के लिए 'त्रिज्या खण्ड (सेक्टर) सिद्धान्त' का प्रतिपादन किया है?

(A) होमर हायट

(B) ई० डब्ल्यू० बर्गेस

(C) सी० डी० हैरिस

(D) एडवर्ड उलमैन

**41.** इनमें से किस भूगोलवेत्ता ने हृदय स्थल की विचारधारा को प्रस्तुत किया?

(A) हर्बर्टसन

(B) हालफोर्ड मैकिन्डर

(C) डडले स्टैम्प

(D) फ्रांसिस गैल्टन

**42.** एक काल्पनिक रेखा जो एक राजनीतिक इकाई को दूसरी इकाई से अलग करती है, है

(A) सीमान्त

(B) प्रदेश

(C) सीमा

(D) बफर क्षेत्र

**43.** एक समान भाषा, इतिहास, संस्कृति और भौगोलिक क्षेत्र के लोगों का समूह है

(A) उपान्त स्थल

(B) सीमान्त

(C) राज्य

(D) राष्ट्र

**44.** एक सरकारी तंत्र जिसमें केन्द्रीय प्राधिकरण एवं देश के अन्य घटक इकाइयों के मध्य अधिकार का विभाजन होता है, निम्नलिखित में से क्या है?

(A) राजशाही

(B) संघीय

(C) तानाशाही

(D) साम्यवाद

**45.** उपान्त स्थल के सिद्धान्त का प्रतिपादक कौन है?

(A) मैकिन्डर

(B) निकोलस जे० स्पाइकमैन

(C) फ्रेडरिक रेटजेल

(D) डब्ल्यू० एम० डेविस

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** The level of production, employment, income, urbanization are the criteria of which of the following measures?

(A) Economic development

(B) National income

(C) Regional development

(D) Quality of life

**47.** Which of the following continents is the richest in regard to forest resources?

(A) Africa

(B) Asia

(C) North America

(D) South America

**48.** Which of the following is the cause of global energy crisis?

(A) Industrialization

(B) Urbanization

(C) Transportation

(D) All of the above

**49.** Derwent Whittlesey divided the world into how many agricultural regions?

(A) 13

(B) 5

(C) 8

(D) 10

**50.** Which of the following factors affect the location of industries?

(A) Geographical factors

(B) Economic factors

(C) Political factors

(D) All of the above

**51.** Which of the following rivers is not flowing towards east?

(A) Mahi

(B) Ganga

(C) Mahanadi

(D) Krishna

**52.** Which of the following affects the normal flow of Indian monsoon?

(A) El Niño

(B) La Niña

(C) Jet Stream

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** उत्पादन, रोजगार, आय, नगरीकरण के स्तर निम्नलिखित में से किस माप के आधार हैं?

(A) आर्थिक विकास

(B) राष्ट्रीय आय

(C) प्रादेशिक विकास

(D) जीवन की गुणवत्ता

**47.** वन संसाधनों की दृष्टि से निम्नलिखित महाद्वीपों में से कौन-सा सर्वाधिक समृद्ध है?

(A) अफ्रीका

(B) एशिया

(C) उत्तर अमेरिका

(D) दक्षिण अमेरिका

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्विक ऊर्जा संकट का कारण है?

(A) उद्योगीकरण

(B) नगरीकरण

(C) परिवहन

(D) उपर्युक्त सभी

**49.** डरवेंट व्हिटलसी ने विश्व को कितने कृषि प्रदेशों में विभाजित किया है?

(A) 13

(B) 5

(C) 8

(D) 10

**50.** निम्नलिखित कारकों में से कौन-सा उद्योगों के स्थानीयकरण को प्रभावित करता है?

(A) भौगोलिक कारक

(B) आर्थिक कारक

(C) राजनीतिक कारक

(D) उपर्युक्त सभी

**51.** निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली नदी नहीं है?

(A) माही

(B) गंगा

(C) महानदी

(D) कृष्णा

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय मानसून के सामान्य प्रवाह को प्रभावित करता है?

(A) एल निनो

(B) ला निना

(C) जेट प्रवाह

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** The total forest cover to total geographical area of India in 2022 has been reported as

(A) 21·71%

(B) 24·52%

(C) 26·20%

(D) 28·70%

**54.** Which of the following soils is widely spread in India?

(A) Black soil

(B) Alluvial soil

(C) Red and yellow soil

(D) Laterite soil

**55.** What is the problem of tribal areas in India?

(A) Poverty

(B) Low literacy rate

(C) Weak health

(D) All of the above

**56.** The reported present population of India is

(A) 130 crore

(B) 142 crore

(C) 125 crore

(D) 120 crore

**57.** Which is the most populous State in India?

(A) Rajasthan

(B) Maharashtra

(C) Uttar Pradesh

(D) Bihar

**58.** What is the major problem due to population growth in India?

(A) Rapid growth

(B) Poverty

(C) Unemployment

(D) All of the above

**59.** The volume of surface water flowing through Indus-Ganga-Brahmaputra rivers in India is about

(A) 55%

(B) 64%

(C) 60%

(D) 67%

**60.** Which of the following States in India is a leading iron ore producer?

(A) Jharkhand

(B) Karnataka

(C) Chhattisgarh

(D) Odisha

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** भारत के भौगोलिक क्षेत्र में वनाच्छादित क्षेत्र का कुल विस्तार 2022 में प्रतिवेदित किया गया था

(A) 21·71%

(B) 24·52%

(C) 26·20%

(D) 28·70%

**54.** निम्नलिखित मृदाओं में से भारत में सर्वाधिक विस्तृत मृदा कौन-सी है?

(A) काली मिट्टी

(B) जलोढ मिट्टी

(C) लाल एवं पीली मिट्टी

(D) लैटेराइट मिट्टी

**55.** भारत के आदिवासी क्षेत्रों की समस्या क्या है?

(A) गरीबी

(B) निम्न साक्षरता दर

(C) कमजोर स्वास्थ्य

(D) उपर्युक्त सभी

**56.** भारत की वर्तमान प्रतिवेदित जनसंख्या कितनी है?

(A) 130 करोड़

(B) 142 करोड़

(C) 125 करोड़

(D) 120 करोड़

**57.** भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है?

(A) राजस्थान

(B) महाराष्ट्र

(C) उत्तर प्रदेश

(D) बिहार

**58.** भारत में जनसंख्या वृद्धि से होने वाली प्रमुख समस्या क्या है?

(A) तीव्र वृद्धि

(B) गरीबी

(C) बेरोजगारी

(D) उपर्युक्त सभी

**59.** भारत में सिंधु-गंगा-ब्रह्मपुत्र नदियों से सतही जल की मात्रा प्रवाहित होती है लगभग

(A) 55%

(B) 64%

(C) 60%

(D) 67%

**60.** निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा भारत में लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है?

(A) झारखंड

(B) कर्नाटक

(C) छत्तीसगढ़

(D) ओडिशा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** Which of the following Acts/ programme aimed at to achieve the goal of 33% geographical area of forest cover?

(A) The Indian Forest Act, 1927

(B) The Forest (Conservation) Act, 1980

(C) The National Forestry Action Programme, 1998

(D) The Environment (Protection) Act, 1986

**62.** Which of the following is essential in managing ecological problems?

(A) Management of forests and wildlife resources

(B) Management of water resources

(C) Management of soil resources

(D) All of the above

**63.** Which of the following is highly irrigated State?

(A) Punjab

(B) Uttar Pradesh

(C) Andhra Pradesh

(D) Bihar

**64.** What is the present cropping intensity of India?

(A) 125%

(B) 136%

(C) 142%

(D) 149%

**65.** In which of the following years was the Green Revolution Programme introduced in India?

(A) 1965

(B) 1967

(C) 1972

(D) 2001

**66.** How many major crop combination regions of India have been identified by Rafiullah?

(A) 16

(B) 17

(C) 8

(D) 21

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** निम्नलिखित अधिनियम/कार्यक्रम में से किसका उद्देश्य भौगोलिक क्षेत्र के 33% भाग में वन होने का है?

(A) भारतीय वन अधिनियम, 1927

(B) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980

(C) राष्ट्रीय वानिकी कार्यवाही कार्यक्रम, 1998

(D) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

**62.** निम्नलिखित में से क्या पर्यावरणीय समस्याओं के प्रबंधन के लिए आवश्यक है?

(A) वन एवं वन्य प्राणी संसाधन का प्रबंधन

(B) जल संसाधन का प्रबंधन

(C) मृदा संसाधन का प्रबंधन

(D) उपर्युक्त सभी

**63.** निम्नलिखित में से सर्वाधिक सिंचित राज्य कौन-सा है?

(A) पंजाब

(B) उत्तर प्रदेश

(C) आन्ध्र प्रदेश

(D) बिहार

**64.** वर्तमान में भारत की फसल गहनता कितनी है?

(A) 125%

(B) 136%

(C) 142%

(D) 149%

**65.** निम्नलिखित वर्षों में से किस वर्ष भारत में 'हरित क्रांति कार्यक्रम' लागू किया गया?

(A) 1965

(B) 1967

(C) 1972

(D) 2001

**66.** रफीउल्ला के द्वारा भारत के कितने मुख्य फसल संयोजन प्रदेशों की पहचान की गई?

(A) 16

(B) 17

(C) 8

(D) 21

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**67.** The phasewise Operation Flood Programmes have been launched in which of the following years/ periods?

(A) 1970

(B) 1980–83

(C) 1985–94

(D) All of the above

**68.** Which of the following household industries is presently in operation in India?

(A) Sericulture

(B) Beekeeping

(C) Poultry farming

(D) All of the above

**69.** In which of the following years the planned development has been started in India?

(A) 1951

(B) 1947

(C) 1948

(D) 1950

**70.** At which of the following centres the iron and steel industry has been located?

(A) Near the source of raw materials

(B) Near market

(C) Near transport hub

(D) Near the source of water

**71.** Which of the following is an example of industrial complexes in India?

(A) Special Economic Zone (SEZ)

(B) Export Processing Zone (EPZ)

(C) Export Oriented Unit (EOU)

(D) All of the above

**72.** How many major industrial regions have been identified in India?

(A) 10

(B) 12

(C) 8

(D) 16

**73.** In which of the following years the Golden Quadrilateral Project has been launched?

(A) 2004

(B) 2010

(C) 1999

(D) 2022

**74.** Which of the following places is the headquarters of the East Central Railways?

(A) Hajipur

(B) Patna

(C) Gorakhpur

(D) Kolkata

www.prepp.in

**67.** दुध क्रांति (ऑपरेशन फ्लड) कार्यक्रम क्रमवार निम्नलिखित में से किस वर्ष/अवधि में लागू किए गए?

(A) 1970

(B) 1980–83

(C) 1985–94

(D) उपर्युक्त सभी

**68.** भारत में, वर्तमान में कौन-सा कुटीर उद्योग चालू है?

(A) रेशम कीट पालन

(B) मधुमक्खी पालन

(C) मुर्गी पालन

(D) उपर्युक्त सभी

**69.** निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में नियोजित विकास प्रारंभ हुआ?

(A) 1951

(B) 1947

(C) 1948

(D) 1950

**70.** निम्नलिखित में से किस केन्द्र पर लोहा-इस्पात उद्योग स्थापित किया जाता है?

(A) कच्चे माल के स्रोत के निकट

(B) बाजार के निकट

(C) परिवहन केन्द्र के निकट

(D) जल के स्रोत के निकट

**71.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक संकुल का उदाहरण है?

(A) विशेष आर्थिक क्षेत्र

(B) निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र

(C) निर्यातोन्मुख इकाई

(D) उपर्युक्त सभी

**72.** भारत में कितने प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों की पहचान की गई है?

(A) 10

(B) 12

(C) 8

(D) 16

**73.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना शुरू की गई थी?

(A) 2004

(B) 2010

(C) 1999

(D) 2022

**74.** निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा पूर्वी मध्य रेलवे का मुख्यालय है?

(A) हाजीपुर

(B) पटना

(C) गोरखपुर

(D) कोलकाता

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**75.** Which of the following ports is the 'Gateway of East India'?

(A) Mumbai

(B) Kolkata

(C) Chennai

(D) Paradeep

**76.** The rural settlements of Chhota Nagpur region are mostly of which of the following patterns?

(A) Circular pattern

(B) Fan pattern

(C) Linear pattern

(D) Radial pattern

**77.** The cities of India contribute how much gross domestic product (GDP)?

(A) 70%

(B) 60%

(C) 45%

(D) 40%

**78.** What is the major problem of urban development in India?

(A) Urban sprawl

(B) Housing

(C) Transport and pollution

(D) All of the above

**79.** Which of the following Yojana/ Missions is included in the National Urbanization Policy?

(A) Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY)

(B) Smart Cities Mission (SCM)

(C) Swachha Bharat Mission (SBM)

(D) All of the above

**80.** Which of the following is the objective of town planning?

(A) Beautification

(B) Public health

(C) Public facilities

(D) All of the above

**81.** The First Five-Year Plan was launched in which of the following years?

(A) 1947

(B) 1950

(C) 1951

(D) 1956

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा पत्तन 'पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार' है?

(A) मुम्बई

(B) कोलकाता

(C) चेन्नई

(D) पारादीप

**76.** छोटानागपुर प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण अधिवास निम्नलिखित में से किस प्रतिरूप के हैं?

(A) वृत्ताकार प्रतिरूप

(B) पंखा प्रतिरूप

(C) रैखिक प्रतिरूप

(D) अरीय प्रतिरूप

**77.** भारत के नगर कुल घरेलू उत्पाद में कितना योगदान करते हैं?

(A) 70%

(B) 60%

(C) 45%

(D) 40%

**78.** भारत में नगरीय विकास की प्रमुख समस्या क्या है?

(A) नगरीय प्रसार

(B) आवास

(C) परिवहन एवं प्रदूषण

(D) उपर्युक्त सभी

**79.** राष्ट्रीय नगरीकरण नीति में, निम्नलिखित में से किसे योजना/मिशन के रूप में सम्मिलित किया गया है?

(A) प्रधानमंत्री आवास योजना

(B) स्मार्ट सिटी मिशन

(C) स्वच्छ भारत मिशन

(D) उपर्युक्त सभी

**80.** निम्नलिखित में से नगर नियोजन का उद्देश्य क्या है?

(A) सौन्दर्यीकरण

(B) लोक स्वास्थ्य

(C) लोक सुविधाएँ

(D) उपर्युक्त सभी

**81.** प्रथम पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से किस वर्ष में लागू की गई थी?

(A) 1947

(B) 1950

(C) 1951

(D) 1956

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**82.** Which one of the following is a level of planning in multilevel planning?

(A) Central and State level planning

(B) District and Block level planning

(C) Local level planning

(D) All of the above

**83.** The regional disparities in the development of India refers to the

(A) difference in economic development

(B) difference in economic development and uneven economic achievement in different geographical regions

(C) uneven economic achievement

(D) None of the above

**84.** Who among the following presides over the Block Level Planning Committee?

(A) Block Development Officer

(B) District Collector

(C) District Development Officer

(D) Gram Sevak

**85.** Initially India was organized into how many States as per recommendation of the State Reorganization Commission?

(A) 16

(B) 18

(C) 22

(D) 28

**86.** The international boundary between India and Sri Lanka passes through which of the following?

(A) Bay of Bengal

(B) Gulf of Mannar

(C) Coromandel Coast

(D) Palk Strait

**87.** Which of the following international boundaries of India is affected with cross-border terrorism?

(A) Indo-China border

(B) India-Sri Lankan border

(C) Indo-Pak border

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**82.** निम्नलिखित में से क्या बहुस्तरीय नियोजन में नियोजन का एक स्तर है?

(A) केन्द्र एवं राज्य स्तरीय नियोजन

(B) जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नियोजन

(C) स्थानीय स्तरीय नियोजन

(D) उपर्युक्त सभी

**83.** भारत में, विकास में प्रादेशिक भिन्नता का तात्पर्य है

(A) आर्थिक विकास में भिन्नता

(B) विभिन्न भौगोलिक प्रदेशों में आर्थिक विकास में भिन्नता एवं असमान आर्थिक उपलब्धि

(C) असमान आर्थिक उपलब्धि

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** निम्नलिखित में से कौन ब्लाक स्तरीय नियोजन समिति की अध्यक्षता करता है?

(A) विकास खंड अधिकारी

(B) जिलाधीश

(C) जिला विकास अधिकारी

(D) ग्राम-सेवक

**85.** राज्य पुनर्गठन आयोग की संस्तुति के आधार पर प्रारंभ में भारत को कितने राज्यों में पुनर्गठित किया गया था?

(A) 16

(B) 18

(C) 22

(D) 28

**86.** भारत एवं श्रीलंका की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा निम्नलिखित में से किससे होकर जाती है?

(A) बंगाल की खाड़ी

(B) मन्नार की खाड़ी

(C) कोरोमंडल तट

(D) पाक जलडमरूमध्य

**87.** भारत की निम्नलिखित में से किस अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमापार आतंकवाद प्रभावी है?

(A) भारत-चीन सीमा

(B) भारत-श्रीलंका सीमा

(C) भारत-पाक सीमा

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**88.** Which of the following physiographic divisions is a part of North Bihar plain?

(A) Someshwar Range

(B) Kosi Plain

(C) Ramnagar Dun

(D) Tarai Region

**89.** Which of the following soils occupies the area of South Bihar plain?

(A) Tarai soil

(B) Tal soil

(C) Recent alluvium

(D) Domat soil

**90.** Which of the following districts of Bihar is devoid of forests?

(A) Rohtas

(B) Gaya

(C) Bhojpur

(D) Champaran

**91.** Which of the following stations of Bihar receives least annual rainfall?

(A) Patna

(B) Araria

(C) Purnia

(D) Samastipur

**92.** Which of the following crops is grown during Rabi season?

(A) Paddy

(B) Gram

(C) Maize

(D) Jute

**93.** How much geographical area of Bihar is flood affected?

(A) 30%

(B) 43%

(C) 73%

(D) 56%

**94.** The industrial sectors of Bihar contribute how much proportion of Gross Domestic Product of the State?

(A) 13%

(B) 40%

(C) 16%

(D) 25%

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**88.** निम्नलिखित भौतिक प्रदेशों में से कौन-सा उत्तरी बिहार मैदान का भाग है?

(A) सोमेश्वर श्रेणी

(B) कोसी का मैदान

(C) रामनगर दून

(D) तराई प्रदेश

**89.** निम्नलिखित में से किस मिट्टी का विस्तार दक्षिण बिहार मैदान के क्षेत्र में है?

(A) तराई मिट्टी

(B) ताल मिट्टी

(C) नवनिर्मित जलोढ

(D) दोमट मिट्टी

**90.** बिहार के निम्नलिखित में से कौन-सा जिला वन-रहित है?

(A) रोहतास

(B) गया

(C) भोजपुर

(D) चम्पारण

**91.** बिहार के निम्नलिखित केन्द्रों (स्टेशन) में से कहाँ सबसे कम वार्षिक वर्षा प्राप्त होती है?

(A) पटना

(B) अररिया

(C) पूर्णिया

(D) समस्तीपुर

**92.** निम्नलिखित में से किस फसल को बिहार में रबी के मौसम में उगाया जाता है?

(A) धान

(B) चना

(C) मक्का

(D) जूट

**93.** बिहार का कितना भौगोलिक क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है?

(A) 30%

(B) 43%

(C) 73%

(D) 56%

**94.** बिहार के औद्योगिक प्रतिष्ठान राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का कितना अंश प्रदान करते हैं?

(A) 13%

(B) 40%

(C) 16%

(D) 25%

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** Which of the following is a curative measure for drought-prone areas of Bihar?

(A) Management of rainwater

(B) Rainwater harvesting

(C) Large-scale afforestation

(D) All of the above

**96.** Bauxite is found in which of the following districts of Bihar?

(A) Kaimur and Rohtas

(B) Nawada

(C) Gaya and Munger

(D) Saran

**97.** How many industrial regions are there in Bihar?

(A) 6

(B) 8

(C) 9

(D) 10

**98.** Which of the following is a problem of population in Bihar?

(A) Very high decadal growth rate

(B) Very high fertility rate

(C) Low sex ratio

(D) All of the above

**99.** Which of the following is a problem of tribal population in Bihar?

(A) Malnutrition

(B) High mortality rate

(C) Alcohol intake

(D) All of the above

**100.** Which of the following districts is highly urbanized in Bihar?

(A) Munger

(B) Patna

(C) Bhagalpur

(D) Sheikhpura

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** निम्नलिखित में से क्या बिहार के सूखा-ग्रस्त क्षेत्र के लिए निवारक उपाय है?

(A) वर्षा-जल का प्रबंधन

(B) वर्षा-जल का संचयन

(C) बृहत् रूप से वृक्षारोपण

(D) उपर्युक्त सभी

**96.** बिहार के निम्नलिखित में से किस जिले में बॉक्साइट पाया जाता है?

(A) कैमूर एवं रोहतास

(B) नवादा

(C) गया एवं मुंगेर

(D) सारण

**97.** बिहार में कितने औद्योगिक प्रदेश हैं?

(A) 6

(B) 8

(C) 9

(D) 10

**98.** निम्नलिखित में से बिहार की जनसंख्या की क्या समस्या है?

(A) अत्यधिक दशकीय वृद्धि दर

(B) अत्यधिक प्रजनन दर

(C) कम लिंगानुपात

(D) उपर्युक्त सभी

**99.** निम्नलिखित में से बिहार की जनजातीय जनसंख्या की क्या समस्या है?

(A) कुपोषण

(B) उच्च मृत्यु दर

(C) शराब का सेवन

(D) उपर्युक्त सभी

**100.** बिहार में, निम्नलिखित जिलों में से कौन-सा सर्वाधिक नगरीय है?

(A) मुंगेर

(B) पटना

(C) भागलपुर

(D) शेखपुरा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

03/FH/CC/M–2023–13

पुस्तिका शृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# प्रश्न–पुस्तिका

# भूगोल

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.



SEAL